पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 | अंक : 246 हल्द्वानी | शनिवार, 11 अप्रैल 2026 | मूल्य 1.00 रुपये | पृष्ठः 8

## एक नजर

### मेडिकल स्टोर संचालक ने जहर खाकर दी जान

**हल्द्वानी।** कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान एक मेडिकल स्टोर संचालक ने कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रुद्र विहार निवासी प्रकाश चंद्र महतोलिया (45 वर्ष) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुखानी थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने घर में अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दरवाजा खुलवाकर भीतर प्रवेश किया, जहां प्रकाश चंद्र फर्श पर बेसुध हालत में पड़े मिले। उनके मुंह से झाग निकल रहा था और आसपास उल्टी के निशान भी पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया जहर सेवन की आशंका जताई जा रही है। पड़ोसियों से पूछताछ में पता चला कि मृतक घर में अकेले रहते थे। उनकी पत्नी गेस्ट टीचर के रूप में कार्यरत हैं तथा उनका पुत्र भी वहीं निवास करता है। बताया गया कि 8 अप्रैल को उनकी पत्नी से आखिरी बार बातचीत हुई थी। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब परिजन घर पहुंचे और दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश करने पर प्रकाश अचेत अवस्था में मिले, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक पर बैंक का कर्ज लगातार बढ़ रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहे थे। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच में जुटी है।

### एडवोकेट जय देव बने महा परिषद के उत्तराखंड प्रदेश युवा समन्वयक



**देहरादून।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद परिवार कल्याण महा परिषद (रजि.)द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महा परिषद को विस्तारित करने एवं मजबूती प्रदान करने हेतु लिए गए निर्णय के साक्षेप परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पन्त की प्रबल संस्तुति पर महा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत सरकार एमिनेंट कमेटी के पूर्व सदस्य प्रहलाद प्रजापति के आदेश पर लक्सर हरिद्वार निवासी स्वतंत्रता सेनानी के प्रपौत्र एडवोकेट जयदेव जी को महा परिषद का उत्तराखंड युवा को-ऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया, मनोनयन पत्र जारी करते हुए महापरिषद के राष्ट्रीय महा सचिव कुमार पटेल ने आशा व्यक्त की कि जय देव जी समस्त उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की नौजवान पीढ़ी को संगठित कर देश के उन महान शहीद/ स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत निर्माण की भावना को आत्मसात करते हुए महा परिषद के कार्यक्रम एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे एवं सेनानी परिवारों के हितार्थ कार्य कर रहे सभी संगठनों के साथ सामजस्य बैठाकर उत्तराखंड प्रदेश में सेनानी परिवारों की समस्याओं के निराकरण हेतु समर्पित रहेंगे।

## डीएवी कॉलेज छात्रसंघ समारोह में बवालः सीएम के जाते ही हिंसा, छात्र को लगा चाकू

### डांस के दौरान मामूली विवाद ने लिया उग्र रूप , भगदड़ जैसे हालात, सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल



**देहरादून।** राजधानी के प्रतिष्ठित डीएवी (पीजी) कॉलेज में आयोजित छात्रसंघ समारोह उस समय हिंसा की भेंट चढ़ गया, जब मुख्य अतिथि के कार्यक्रम से रवाना होने के कुछ ही देर बाद छात्रों के बीच विवाद भड़क उठा। देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई में बदल गया और इसी दौरान एक छात्र को चाकू लगने की घटना सामने आई, जिससे पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण हरियाणवी गायक मासूम शर्मा की प्रस्तुति रही, जिनके गीतों पर छात्र झूमते नजर आए। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आप सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य हैं। उन्होंने युवाओं से अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से प्रस्थान करते ही माहौल अचानक बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डांस कर रहे कुछ छात्रों के बीच धक्का-मुक्की को लेकर कहासुनी शुरू हुई। शुरुआत में मामूली लगने वाला विवाद कुछ ही पलों में उग्र हो गया और छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। इसी दौरान मारपीट के बीच किसी ने धारदार हथियार निकाल लिया और गौरव नामक छात्र पर हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद छात्रों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। घायल छात्र गौरव को तत्काल कॉलेज की डिस्पेंसरी में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आगे अस्पताल रेफर करने की भी तैयारी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस और कॉलेज प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कार्यक्रम स्थल को खाली कराया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद आपसी कहासुनी से शुरू हुआ था, हालांकि चाकू किसने चलाया, इसकी जांच जारी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। इतने बड़े आयोजन में, जहां मुख्यमंत्री की मौजूदगी भी थी, वहां सुरक्षा में चूक को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त निगरानी और चेकिंग व्यवस्था न होने के कारण ही ऐसी घटना संभव हो सकी—ऐसी चर्चाएं अब परिसर और शहर में तेज हो गई हैं। कॉलेज प्रशासन ने घटना पर गहरा अफसोस जताते हुए कहा है कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, छात्रों से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है। यह घटना एक बार फिर शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ती असहिष्णुता और अनुशासनहीनता की ओर इशारा करती है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

### सीएम धामी ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**भीमताल।** पुष्कर सिंह धामी आज यहां बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंसेज पहुंचे, जहां उन्होंने तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में नवनिर्मित कम्प्यूटर कक्ष भवन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकी सुविधाएं छात्रों के भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। मुख्यमंत्री के आगमन पर विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह आयोजन शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक बनकर उभरा, जिससे छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

## नशे से दूर- जिंदगी से जुड़ें अभियान के तहत सघन निरीक्षण, तंबाकू बिक्री पर चालान कार्रवाई



**कालाढूंगी ( नैनीताल )।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में तहसील कालाढूंगी क्षेत्र में नशे से दूर जिंदगी से जुड़ें जागरूकता अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उप जिलाधिकारी विपिन चन्द्र पंत के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, समाज कल्याण एवं प्रोबेशन विभाग की संयुक्त टीम ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर तथा उनके आसपास स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रावासों (पुरुष एवं महिला) में नशे से संबंधित कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया। उपस्थित छात्रों को नशे से दूर रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। कॉलेज परिसर स्थित भोजनालय के निरीक्षण में गंदगी पाए जाने पर अधिकारियों ने गंभीर नाराजगी जताई। मौके पर उपस्थित प्राचार्य को भोजन की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार के लिए सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कुंवर क्लासेस सहित अन्य कोचिंग संस्थानों का भी निरीक्षण किया गया, जहां नशा संबंधी कोई मामला प्रकाश में नहीं आया। वहीं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के सामने स्थित दो दुकानों में बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद पाए जाने पर पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में स्कूल एवं कॉलेज परिसरों के आसपास किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों की बिक्री न की जाए।

## दर्जा राज्य मंत्री बनने पर गोविन्द पिलख्वाल का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**अल्मोड़ा(पर्वत प्रेरणा संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी अल्मोड़ा द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोविन्द पिलख्वाल का जोरदार अभिनंदन किया गया। हाल ही में उत्तराखण्ड सरकार में हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) बनाए जाने के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ तथा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की। पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में नजर आया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान पिलख्वाल ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने पैदल जनसंपर्क किया, जहां मुख्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पिलख्वाल के राज्य मंत्री दर्जा मिलने से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा संगठन को मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिला अध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, मेयर अजय वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विकास संघर्ष समिति के स्थापना दिवस पर मरीजों को फल वितरण





**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट नगर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाली लोहाघाट विकास संघर्ष समिति की स्थापना दिवस को आज एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। स्थापना दिवस के अवसर पर आज समिति अध्यक्ष विभिन्न गोरखा के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां उन्होंने रीठा साहब दुर्घटना में घायल हुए मरीजों तथा अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों का हाल-चाल जाना तथा सभी मरीजों व चिकित्सा कर्मियों को फलों का वितरण किया तथा मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान समिति ने बेहतर उपचार देने के लिए अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक विराज राठी व उनके सहयोगियों को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष विपिन गोरखा ने कहा लोहाघाट विकास संघर्ष समिति का गठन नगर के विकास व समस्याओ के समाधान के लिए किया गया था जिसे आज एक वर्ष पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया एक वर्ष में समिति ने नगर की कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जिनमें कई समस्याओं का समाधान हुआ। इसके अलावा समिति के द्वारा सरयू लिफ्ट पेयजल योजना तथा लॉ कॉलेज निर्माण के लिए धरना भी दिया गया था। जिसमें सरयू लिफ्ट पेयजल योजना का शासनादेश जारी हो चुका है तथा लॉ कॉलेज निर्माण के लिए समिति आगे को संघर्ष करेगी। उन्होंने नगर की जनता को समिति को सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया कहां समिति हमेशा नगर के विकास की लड़ाई लड़ते रहेगी।

इस दौरान समिति संरक्षक डी0डी0पांडे ,शैलेंद्र राय, लोकेश पांडे ,रमेश बिष्ट ,अजय गोरखा, पूर्व सभासद राजकिशोर शाह ,दीपक शाह, भुवन बिष्ट, किसान संगठन जिला अध्यक्ष नवीन करायत, मोहन चंद्र पांडे, पूर्व सैनिक , पूर्व सैनिक मयंक ओली, गंगा दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में निर्णायक छलांग

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और वैश्विक ऊर्जा अस्थिरता के इस दौर में भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि रणनीतिक रूप से भी अत्यंत दूरगामी प्रभाव रखने वाली है। तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर का क्रिटिकैलिटी प्राप्त करना इस बात का संकेत है कि भारत अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है। यह उपलब्धि महान वैज्ञानिक होमी जहांगीर भाभा के उस दीर्घकालिक दृष्टिकोण को साकार करती है, जिसमें भारत के लिए तीन-चरणीय परमाणु कार्यक्रम की कल्पना की गई थी।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से भारत के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर आधारित है एक ऐसा संसाधन, जो भारत को दीर्घकाल में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकता है। कलपक्कम का यह 500 मेगावाट क्षमता वाला रिएक्टर, जिसे इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने डिजाइन किया और भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड ने निर्मित किया, केवल एक तकनीकी परियोजना नहीं है। यह भारत की वैज्ञानिक क्षमता, औद्योगिक समन्वय और दीर्घकालिक नीति-संकल्प का प्रतीक है। 200 से अधिक भारतीय उद्योगों की भागीदारी यह भी दर्शाती है कि यह उपलब्धि वास्तव में मेक इन इंडिया की भावना का विस्तार है। क्रिटिकैलिटी प्राप्त करना अपने आप में बिजली उत्पादन नहीं है, बल्कि वह बिंदु है जहां रिएक्टर की श्रृंखला अभिक्रिया स्थिर और स्व-निर्भर हो जाती है। इसके बाद परीक्षणों और सुरक्षा मानकों की पुष्टि के पश्चात ही इसे राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ा जाएगा। किंतु इस प्रारंभिक सफलता का महत्व कम नहीं होता यह उस जटिल तकनीक पर भारत की पकड़ को प्रमाणित करता है, जिसे अब तक दुनिया के बहुत सीमित देशों ने ही हासिल किया है। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह जितना ईंधन खर्च करता है, उससे अधिक उत्पन्न करने की क्षमता रखता है। साथ ही यह परमाणु कचरे को कम करता है और ईंधन के उपयोग को अधिक कुशल बनाता है। यही कारण है कि यह तकनीक भारत के 2070 तक नेट-जीरो लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्वच्छ, स्थायी और सस्ती ऊर्जा के इस स्रोत से भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। हालांकि, इस सफलता के पीछे लंबा संघर्ष और कई चुनौतियां रही हैं। 2004 में शुरू हुई इस परियोजना को तकनीकी जटिलताओं, विशेषकर तरल सोडियम जैसे संवेदनशील कूलेंट के प्रबंधन, सुरक्षा मानकों की कठोरता और लागत वृद्धि जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की प्रतिबद्धता तथा सरकार के निरंतर समर्थन ने इस परियोजना को अंततः सफलता तक पहुंचाया।

पूर्व परमाणु ऊर्जा आयोग अध्यक्ष अनिल काकोदकर द्वारा इसे ऐतिहासिक बताया जाना इस उपलब्धि के महत्व को और रेखांकित करता है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के थोरियम-आधारित भविष्य की दिशा में निर्णायक कदम कहा है। आज जब कई विकसित देश सुरक्षा और पर्यावरणीय चिंताओं के कारण परमाणु परियोजनाओं से पीछे हट रहे हैं, भारत ने अपने विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक संदर्भ और बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक अलग राह चुनी है। 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य इसी दूरदृष्टि का परिचायक है।

स्पष्ट है कि कलपक्कम की यह सफलता केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के ऊर्जा भविष्य की आधारशिला है। अब चुनौती यह है कि इस उपलब्धि को व्यापक स्तर पर विस्तार दिया जाए और इसे आम नागरिकों तक सस्ती, सुरक्षित और स्वच्छ ऊर्जा के रूप में पहुंचाया जाए। यही इस ऐतिहासिक कदम की वास्तविक सफलता होगी।

# स्व. प्रहलाद मेहरा की पुण्यतिथि पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट

## युवाओं को नशे व मोबाइल से दूर रहने का संदेश



**लालकुआं।** कुमाऊं की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक एवं प्रसिद्ध लोकगायक स्वर्गीय प्रहलाद मेहरा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर जन जागृति संस्कृति कला समिति, बिंदुखत्ता द्वारा दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उधम सिंह नगर और नैनीताल जनपद की दो दर्जन से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, संध्या डालाकोटी, हरेन्द्र बोरा एवं नवीन तोलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

स्व. प्रहलाद मेहरा के पुत्र एवं लोकगायक कमल मेहरा ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर कुमाऊंनी संस्कृति और लोक कला के संरक्षण के लिए कार्य किया। उन्होंने बताया कि वे अपने पिता के दिखाए मार्ग पर चलते हुए इस विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

समाजसेवी एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष नीरज मेहरा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि आज के दौर में नशे की प्रवृत्ति और मोबाइल की अति-निर्भरता एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। उन्होंने कहा,यदि युवा खेल के मैदान से जुड़ा रहेगा तो उसका ध्यान स्वास्थ्य और खेल की ओर केंद्रित होगा, जिससे वह स्वतः ही नशे और अन्य बुराइयों से दूर रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी हेम सिंह मेहरा, लीला देवी, मनोहर सिंह मेहरा, हंसी मेहरा, बीना मेहरा, जया मेहरा, मनीष मेहरा, नीरज मेहरा एवं कमल मेहरा सहित स्थानीय युवाओं द्वारा किया गया। सुबह से शाम तक चलने वाला यह आयोजन क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में नीरज द्विवेदी, मनीष मेहरा, मनोहर मेहरा, कमल मेहरा, तरुण बथ्वाल, जय बथ्वाल, बीना देवी, हंसी देवी, नीम मेहरा और भगवती मेहरा सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रतियोगिता में चोरगलिया की एससीआई, गोपाल क्लब हल्द्वानी, एसएस क्लब हनुमान मंदिर, चीमा क्लब रावत नगर, खोलिया क्लब रावत नगर, सुरमा क्लब हल्द्वानी, देहरादून, बजरंग क्लब, स्कॉलर क्लब, हल्दुचौड़ क्लब, जय मां हाट कालिका क्लब, पवानी ट्रेडर्स हल्द्वानी, शांतिपुरी क्लब ए व बी तथा टिंबा क्लब शांतिपुरी सहित अनेक टीमों ने भाग लिया।

दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद खोलिया क्लब रावत नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शांतिपुरी ए क्लब उपविजेता रहा। दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला देर रात तक बेहद रोमांचक रहा।

गौरतलब है कि स्वर्गीय प्रहलाद मेहरा का असमय निधन कुमाऊं की सांस्कृतिक दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति रहा। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन लोक कला, संगीत और क्षेत्रीय संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित किया। यह आयोजन उनकी स्मृति को समर्पित एक सार्थक श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है।

# भीमताल में रोडवेज स्टेशन के लिए जमीन की तलाश शुरू

## प्रशासन ने संभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**भीमताल।** शहर में लंबे समय से उठ रही रोडवेज स्टेशन की मांग को लेकर प्रशासन ने अब ठोस पहल शुरू कर दी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर परिवहन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भीमताल क्षेत्र में संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। यह कार्रवाई सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रोडवेज स्टेशन की मांग उठाए जाने के बाद प्रारंभ हुई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मत्स्य विभाग के समीप उपलब्ध भूमि का जायजा लिया। इस संबंध में भूमि को मत्स्य विभाग से हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को लेकर परिवहन और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपनी संयुक्त रिपोर्ट जिला प्रशासन को प्रेषित कर दी है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर शहर की इस महत्वपूर्ण मांग को शीघ्र धरातल पर उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि रोडवेज स्टेशन बनने से भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की यातायात सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान हेम गुणवंत, नरेश वर्मा, प्रभात मेहरा, प्रदीप कुमार सहित अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस दिशा में कितनी तेजी से आगे बढ़ता है और भीमताल को रोडवेज स्टेशन की सौगात कब तक मिलती है।

# दिशा समिति की बैठक में केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा, गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर



**अल्मोड़ा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय टम्टा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें जनपद में संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान गुणवत्ता बनाए रखने और दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन सुगम बनाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में चिकित्सीय सुविधाएं, दवाओं की उपलब्धता और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा गया, जबकि शिक्षा विभाग को विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं और शिक्षकों की उपलब्धता सुधारने के निर्देश दिए गए। पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लक्ष्य को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। कृषि और बागवानी क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने और योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड निरीक्षण के माध्यम से लक्ष्यों को समयसीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि योजनाओं का प्रभाव केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न स्थानीय समस्याएं और सुझाव रखे, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, विधायक मनोज तिवारी, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, वनाधिकारी दीपक सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, केएन तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस की पहल रंग लाई, बीपीएल मरीजों को ब्लड बैंक से निःशुल्क रक्त देने पर मेडिकल कॉलेज की सहमति

**अल्मोड़ा।** जनपद के आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उठाई गई पहल पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अहम सहमति प्रदान की है। जानकारी के अनुसार रेडक्रॉस सोसाइटी ने मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के प्रधानाचार्य को दिनांक 10 अप्रैल को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निजी चिकित्सालयों में उपचार करा रहे बीपीएल कार्ड धारकों को ब्लड बैंक से निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाए। प्रार्थना पत्र में बताया गया था कि जनपद में कई गरीब परिवार निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत इलाज तो करवा लेते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर रक्त के लिए ग्यारह सौ रुपए का शुल्क देना उनके लिए अत्यंत कठिन हो जाता है। कई मामलों में समय पर रक्त न मिलने से मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। रेडक्रॉस की इस मानवीय पहल पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सी.पी. भैसोड़ा ने सहमति जताते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।उनके इस निर्णय से जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस व्यवस्था के लागू होने से बीपीएल वर्ग के मरीजों को समय पर निःशुल्क रक्त उपलब्ध हो सकेगा जिससे उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। वहीं रेडक्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना भी की जा रही है। ज्ञापन सौंपने एवं वार्ता के दौरान मेडिकल कॉलेज से प्राचार्य डॉ सी पी भैसोड़ा एवं नोडल अधिकारी डॉ अनिल पाण्डेय एवं रेड क्रॉस से प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, यूथ रेड क्रॉस अध्यक्ष अमित साह मोनू, अभिषेक जोशी, कृष्ण बहादुर सिंह शामिल रहे।


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordaillyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन तेज

## वेतन वृद्धि व सुविधाओं की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार



**किच्छा।** उत्तराखंड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का आंदोलन अब तेज होता जा रहा है। प्रदेशभर में लगभग 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। इसी क्रम में आज इंदिरा गांधी खेल मैदान में ब्लॉक रुद्रपुर की करीब 150 आंगनबाड़ी केंद्रों से लगभग 300 कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठीं। वहीं पूरे उधम सिंह नगर जिला में करीब 2300 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने काम बंद कर आंदोलन में भाग लिया। धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मुख्य मांग वेतनमान में वृद्धि तथा राज्य के अन्य कर्मचारियों की तरह समान सुविधाएं प्रदान करने की है। उनका कहना है कि लंबे समय से वे न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रही हैं, जो उनके जीवन-यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। इस दौरान डॉ गणेश उपाध्याय (प्रवक्ता, उत्तराखंड कांग्रेस एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री) ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान करना चाहिए। प्रशासन की ओर से गौरव पांडेय ने जानकारी दी कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है और आगे का निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा। धरने में ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी ठाकुर, जिला महामंत्री रिहाना, गीता ठाकुर, तरन्नुम, मंजू, कुसुम लता, सुजाता मासी, धना देवी सहित दर्जनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं उपस्थित रहीं। अब देखना यह होगा कि सरकार इस आंदोलन को लेकर क्या रुख अपनाती है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों पर कब तक निर्णय लिया जाता है।

# सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कसी कमर

## पुलिस अधीक्षक अपराध व यातायात ने दिये दिशा निर्देश




**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** जनपद ऊधमसिंहनगर में सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात जितेंद्र चौधरी द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं यातायात पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक विस्तृत समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार्य नहीं होगी। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष की गई कार्यवाही में आई कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी एवं दृश्यमान कार्यवाही सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। शाम के समय विशेष चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अनिवार्य रूप से एल्कोमीटर से जांच कर मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण तेज गति को नियंत्रित करने हेतु कस्बों एवं गांवों के प्रवेश मार्गों पर जिगजैग बैरिकेटिंग लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे वाहनों की रफ्तार नियंत्रित हो सके। एक बाइक पर तीन या चार सवारी बैठाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर एवं नियमों के विरुद्ध संचालित वाहनों को तत्काल सीज करने के निर्देश दिए गए हैं। खतरनाक तरीके से वाहन चलाने तथा रॉंग साइड वाहन संचालित करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर मुकदमा दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नियमों के विपरीत मॉडिफिकेशन कर चलाए जा रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर तत्काल कार्यवाही एवं सीज की कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाएगा जहां बार-बार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक यातायात संकेतक, साइन बोर्ड एवं सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी प्रतिदिन शाम के समय विभिन्न चेकिंग प्वाइंट्स पर स्वयं उपस्थित रहकर कार्यवाही की निगरानी करेंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करें युवा: मिश्रा

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** अंत्योदय से राष्ट्रोदय के संकल्प को समर्पित! 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत रुद्रपुर विधानसभा के शहीद भगत सिंह मंडल द्वारा आयोजित कार्यशाला के समापन सत्र मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा टिंकू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित के निर्माण में अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने ऊर्जावान और देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की कार्यपद्धति एवं वैचारिक अधिष्ठान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के चेहरे पर झलकता उत्साह और संकल्प इस बात का प्रमाण है कि हम सेवा ही संगठन के मंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण के पथ पर अडिग हैं। निश्चय ही, यह सामूहिक ऊर्जा अंत्योदय के लक्ष्य को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी। समापन सत्र की अध्यक्षता किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, रेनू जुनेजा,वेद ठुकराल,तरुण दत्ता, प्रीति धीर, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण तोमर, ममता, पुष्पा, अशोक नेगी, सहित तमाम मातृशक्ति व मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद संकट से जूझ रहे किसान, डीएम से लगाई गुहार

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** सहकारी समितियों में खाद की किल्लत को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। नाराज किसानों और समिति पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग उठाई है।

किसानों का कहना है कि समितियों के माध्यम से मिलने वाली खाद की मात्रा उनकी जरूरत के अनुसार नहीं मिल पा रही है। वर्तमान में एक किसान को सीमित संख्या में ही यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है, जो खेती के रकबे के हिसाब से बेहद कम है। इससे फसलों की बढ़वार प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि समय रहते खाद की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू करते हुए आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान किसान सहकारी समिति शक्तिफार्म के अध्यक्ष कपी मंडल सहित कई किसान मौजूद रहे।

# खटीमा पुलिस ने कराई थाने में हिस्ट्रीशीटरों की परेड

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार खटीमा पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटरों की कोतवाली परिसर में परेड कराई गई। अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत कोतवाली खटीमा पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की थाना प्रांगण में परेड करायी गयी तथा आपराधिक कृत्यों से पूर्णत: दूरी रख विधि विरुद्ध गतिविधियों में असंलिप्त रहने हेतु सशक्त निर्देश दिये गये। हिस्ट्रीशीटर्स जिनकी परेड कराई गई उनमें सुरेन्द्र सिंह राणा पुत्र स्व. महेश सिंह राणा निवासी मुंडेली, वार्ड 18, खटीमा ,मो. सलीम पुत्र स्व. शफीउल्ला निवासी वार्ड नं. 9, गोटिया, खटीमा,बाबुद्दीन पुत्र स्व. पुत्तन निवासी वार्ड नं. 1, सैनिक कॉलोनी, डेयरी के पास, खटीमा, रियासत हुसैन पुत्र स्व. अब्दुल करीम निवासी वार्ड नं. 10, गोटिया, खटीमा, राशिद पुत्र स्व. यकीन शाह निवासी ग्राम कंचनपुरी पचपेड़ा, खटीमा है। पुलिस टीम में प्रभारी विजेंद्र शाह,एसएसआई ललित मोहन रावल,एस आई अनुराग सिंह, जीवन सिंह चुफाल थे।

# शक्तिफार्म में महिला पुलिसकर्मी की तैनाती की मांग

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आवाज उठाई है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से मुलाकात कर शक्तिफार्म में महिला पुलिसकर्मी की स्थायी तैनाती की मांग की। एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना जैसे मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्थानीय पुलिस चौकी में महिला पुलिसकर्मी के अभाव के कारण पीड़ित महिलाएं शिकायत दर्ज कराने में संकोच महसूस करती हैं। सामाजिक दबाव और झिझक के चलते कई मामले पुलिस तक नहीं पहुंच पाते। नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने कहा कि महिला पुलिसकर्मी की तैनाती से महिलाओं को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण मिलेगा। इससे वे बिना भय के अपनी समस्याएं पुलिस के समक्ष रख सकेंगी और मामलों के निस्तारण में भी तेजी आएगी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में सभासद गोविंद सरकार, हर्षवर्धन सिंह, सोनू विश्वास सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रहस्यमय हालात में किशोरी लापता, मोबाइल भी बंद

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** क्षेत्र के ग्राम सिसौना नई बस्ती, कोटाफार्म से एक 17 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने से इलाके में चिंता का माहौल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, काजल नामक किशोरी 8 अप्रैल को दोपहर के समय घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, मगर उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का कहना है कि किशोरी अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गई थी, जो फिलहाल बंद आ रहा है। घटना के बाद परिवार में बेचैनी का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में तलाश कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से भी सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले को गंभीरता से लेते हुए हर संभावित पहलू पर जांच की जा रही है।

# पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**



**रुद्रपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने आज अपने आवास पर पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया और उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र अपने वार्ड में और आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई और ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हमेशा सफाई कर्मचारी व पर्यावरण मित्रों का सम्मान करते हैं उन्हीं के राह पर चलते हुए आज भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने सभी सफाई कर्मचारी व पर्यावरण मित्रों का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनसे दुख सुख के बारे में चर्चा की। कहा कि हमारे पर्यावरण मित्र हमेशा साफ-सफाई और जनता की हित के लिए हमेशा तैयार रहते हैं ऐसे पर्यावरण मित्रों को हौसला बढ़ाया जाए और उनका सम्मान किया जाए। मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के क्षेत्र में सफाई रखें ऐसे में पर्यावरण मित्रों के साथ-साथ हर व्यक्ति इसमें सहभागिता करें ताकि वातावरण स्वच्छ रहे और प्रदूषण होने से रोका जाए। उन्होंने कहा की सफाई व्यवस्था बेहद जरूरी है क्योंकि यदि आसपास का वातावरण स्वच्छ रहेगी कि व्यक्ति स्वस्थ रहेगा और बीमारियों का खतरा भी नहीं होगा।

# जिला अस्पताल में एआई आधारित जांच सुविधा शुरू

**अल्मोड़ा।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। अस्पताल परिसर में एआई आधारित जांच किट स्थापित की गई है, जिससे मरीजों को बिना सुई लगाए कई जरूरी जांचों की सुविधा मिलने लगी है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार पर्ची काउंटर के समीप स्थापित इस किट के माध्यम से मरीज के चेहरे को स्कैन कर 20 से 60 सेकंड के भीतर जांच रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है। इससे मरीजों को लंबी कतारों से राहत मिलेगी और जांच प्रक्रिया अधिक तेज व सुविधाजनक होगी। यह सुविधा अमृत स्वस्थ भारत योजना के तहत शुरू की गई है। नई तकनीक के माध्यम से पारंपरिक जांचों में लगने वाला समय कम हो जाएगा और मरीजों को तुरंत रिपोर्ट मिल सकेगी। इस प्रणाली में मोबाइल फेस स्कैनिंग के जरिए शरीर के विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों का आकलन किया जाता है। इसके माध्यम से ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल, हीमोग्लोबिन और स्ट्रेस लेवल जैसी जांचें आसानी से की जा सकती हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस तकनीक से मरीजों को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी तथा जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनेगी। जिला चिकित्सालय के पी एम एस डा एच सी गडकोटी ने कहा कि एक आई आधारित इस जांच सुविधा से मरीजों का बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती है यह तकनीक समय की बचत के जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी।

# मिशन 2027 को लेकर सक्रिय हुए कार्यकर्ता, अतर सिंह तोमर ने किया क्षेत्र भ्रमण



**लंबगांव।** पूर्व राज्य मंत्री अतर सिंह तोमर ने प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांजफ, सिलवालगांव, कुडियालगांव, पणसूत, शुक्री एवं जखवालगांव सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण कर पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

भ्रमण के दौरान मांजफ और जखवालगांव में आयोजित बैठकों में तोमर ने कार्यकर्ताओं से मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है, और इन योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सक्षम नेतृत्व चुनने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम होगी।

इस अवसर पर विवेक भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद उनियाल, विरेंद्र थलवाल, जगन्नाथ थलवाल, राजपाल मिश्रवाण, धर्म सिंह मिश्रवाण, दिनेश भट्ट सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चारधाम यात्रा की तैयारियां तेज, यमुनोत्री पैदल मार्ग का निरीक्षण



**उत्तरकाशी।** आगामी अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) को यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलने जा रहे हैं। इसके मद्देनजर प्रशासन द्वारा चारधाम यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक लगभग 6 किलोमीटर लंबे पैदल मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रेन शेल्टर एवं रेलिंग की स्थिति की समीक्षा की। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उन्होंने सुलभ इंटरनेशनल एवं जिला पंचायत को विशेष निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग और शौचालयों में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रों और एसडीआरएफ टीमों को सक्रिय रखने, घोड़ा-खच्चरों के लिए चारा एवं पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने मार्ग में सूचना पट्ट एवं साइन बोर्डों को बड़े और स्पष्ट रूप में लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी शेष कार्यों को कपाट खुलने से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व उन्होंने बड़कोट, दोबाटा एवं खरादी में स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित आउटलेट केंद्रों का भी अवलोकन किया तथा स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग में सुधार पर जोर दिया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना 19वें दिन भी जारी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का धरना-प्रदर्शन 19वें दिन भी जारी रहा। जनपद मुख्यालय स्थित धरना स्थल पर महासंघ के सदस्य अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं।

इस दौरान उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय महामंत्री किरण रावत अन्य पदाधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचीं और आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि महासंघ की अधिकांश मांगें राज्य और मूल निवासियों के हितों से जुड़ी हैं।

किरण रावत ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार द्वारा कई कार्य बाहरी एजेंसियों को दिए जा रहे हैं, जिससे राज्य को आर्थिक नुकसान हो रहा है और स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल हमेशा राज्यहित की लड़ाई लड़ता आया है और महासंघ की मांगों का पूर्ण समर्थन करता है। धरना स्थल पर आयोजित सभा की अध्यक्षता इंजीनियर राखी खंडूड़ी एवं संचालन इंजीनियर पुष्पा नौटियाल ने किया। वक्ताओं ने महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों पर अभी तक संतोषजनक कार्रवाई न होने पर रोष व्यक्त करते हुए आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दी।

महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों को बिना अभियंताओं की उपस्थिति में संचालित नहीं होने दिया जाएगा और ऐसे कार्यों को बंद कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब सभी अभियंता हड़ताल पर हैं, तो कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है।

इस अवसर पर महासंघ के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 का आगाज, डीएम-एडीएम ने किया स्व-पंजीकरण

**उत्तरकाशी।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जनपद में प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं गणना) का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य एवं अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने जनगणना के आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कर स्व-गणनाकी प्रक्रिया पूरी की। इस जनगणना-2027 का आगाज, डीएम-एडीएम ने किया स्व-पंजीकरण अवसर पर उन्होंने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को भी स्व-गणना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनगणना के प्रथम चरण के तहत उत्तरकाशी जनपद में 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक घर-घर जाकर आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। इससे पूर्व आम नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर दिया गया है। इसके लिए स्व-गणना पोर्टल पर 10 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक सुविधा उपलब्ध रहेगी। पोर्टल के माध्यम से नागरिक परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर, भाषा एवं निवास संबंधी जानकारी दर्ज कर 'SE ID' प्राप्त कर सकते हैं, जिसका सत्यापन बाद में प्रगणकों द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और निर्धारित अवधि के भीतर अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना करें। साथ ही, घर-घर आने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर सहयोग प्रदान करें।

# उत्तरकाशी में 'पोषण पखवाड़ा' का शुभारंभ, डीएम प्रशांत आर्य ने पोषण रथ को दिखाई हरी झंडी



**उत्तरकाशी।** जिले में पोषण अभियान के तहत 'पोषण पखवाड़ा' का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने विशेष 'पोषण रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे जनपद में भ्रमण कर लोगों को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण, पारंपरिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार तथा 0-3 वर्ष के बच्चों के शुरुआती विकास और निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने आधुनिक जीवनशैली के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए बच्चों का 'स्क्रीन टाइम' घटाने और स्वस्थ आदतों को अपनाने पर जोर दिया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, खिलौने एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। इस दौरान आईसीडीएस की सुपरवाइजर एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और कुपोषण के खिलाफ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# दिकथोल में स्वागत गेट व प्रतीक्षालय का उद्घाटन, ब्लॉक प्रमुख ने सुनीं जनसमस्याएं



**उत्तरकाशी।** ग्राम दिकथोल में स्वागत गेट एवं प्रतीक्षालय का विधिवत उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय जनता के साथ जनसंवाद कर क्षेत्रीय समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान ग्राफिक हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 48 गांवों के लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में मरीजों का नि:शुल्क उपचार किया गया, वहीं गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को देहरादून ले जाकर समुचित उपचार एवं सुरक्षित वापसी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह के स्नेह और सहयोग को सराहते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि विकासखंड डुंडा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संस्कृत बोर्ड परीक्षा में भुवनेश्वरी विद्यालय का दबदबा



**पौड़ी गढ़वाल।** उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष (इंटरमीडिएट) एवं पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष (हाईस्कूल) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को साबित करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में विद्यालय के चार मेधावी छात्र—आदित्य, दिव्यांशु, शशांक और मनीष—ने टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद जुयाल एवं प्रधानाचार्य अनसूया प्रसाद ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन और सतत मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि छात्रों को भविष्य में और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। छात्रावास अधीक्षक नवीन जुयाल ने बताया कि परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं, नियमित पुनरावृत्ति (रिवीजन), टेस्ट सीरीज और अनुशासित दिनचर्या सुनिश्चित की जाती है। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बेहतर प्रदर्शन करने में सफल होते हैं। विद्यालय से जुड़े डॉ नवीन ममगाईं ने बताया कि संस्थान का उत्कृष्ट परिणाम कई वर्षों से लगातार बना हुआ है, जो इसे प्रदेश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में स्थापित करता है। उन्होंने इसके पीछे कुशल नेतृत्व और टीमवर्क को प्रमुख कारण बताया। इस अवसर पर शिक्षक—डॉ. अनूप कुकरेती, कमलदीप पोखरियाल, ईशान डोभाल, आशीष डबराल, नीरज पटवाल और अंकित मैठानी—ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का संयुक्त परिणाम है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को बधाई दी, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और अपनी सफलता का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि अनुशासित शिक्षा प्रणाली और समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन से बच्चों को बेहतर भविष्य की दिशा मिल रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर उत्तराखंड में बड़ा आंदोलन




**पौड़ी गढ़वाल।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की शीर्ष पदाधिकारियों की बैठक में प्रदेशभर में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गुड्डी मटूडा को प्रदेश सलाहकार नियुक्त किया गया।

बैठक में 12 अप्रैल को देहरादून में प्रस्तावित बाइक रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। यह रैली विधानसभा से मुख्यमंत्री आवास तक निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में कार्मिकों के शामिल होने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

प्रदेश महासचिव सीता राम पोखरियाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिल सकता है।

मुख्य समन्वयक लक्ष्मण सजवान के अनुसार, देहरादून में आयोजित होने वाली इस बाइक रैली में ढाई हजार से अधिक कार्मिक भाग लेंगे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित जोशी ने बताया कि महारैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, प्रांतीय संयुक्त सचिव अभिषेक नवानी ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक साबित होगी।

देहरादून जिला अध्यक्ष मखन लाल शाह ने बताया कि न केवल देहरादून, बल्कि अन्य जनपदों में भी इस महारैली को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

# दीपिका ने निराश्रित महिला आश्रम में भिटौला कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

## ईजा फाउंडेशन ने मनाया भिटौला त्यौहार



**पिथौरागढ़।** ईजा फाउंडेशन के तत्वावधान में निराश्रित महिला आश्रम कार्यशाला खड़कोट पिथौरागढ में भिटौला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा ने किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें निराश्रित बहिनों और माताओं के साथ भिटौले का त्यौहार मनाते हुए अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हुई। वह ईश्वर से कामना करती हैं कि यह बहिनें और माताएं अगले वर्ष अपने घर पर इस बहिनों और भाईयों के प्रेम के प्रतीक लोक पर्व भिटौले को सामाजिक सद्भाव व स्नेह के साथ मनाएं।

दीपिका बोहरा ने ईजा फाउंडेशन के जन सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था निस्वार्थ भाव से परोपकार के कार्य कर रही है। इस पावन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक चंद्रा प्रकाश पंत, माला सौन, गीता पंत, सी. डब्लू. सी. सदस्य लीला बंग्याल, पुष्पा सौन, गोदावरी देवी आदि मौजूद रहे। निराश्रित महिला कार्यशाला के प्रबंधक रवींद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पिथौरागढ़ के पूर्व एसपी लोकेश्वर सिंह पर न्यायालय ने दिए एफआईआर दर्ज करने के आदेश





**पिथौरागढ़ ।** व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी की याचिका पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पिथौरागढ़ संजय सिंह की अदालत ने बड़ा फैसला लेते हुए पिथौरागढ़ के पूर्व एस0 पी लोकेश्वर सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ व्यापारी लक्ष्मी दत्त को निर्वस्त्र कर पीटने के मामले में प्राथमिक की दर्ज करने के आदेश पिथौरागढ़ पुलिस को दिए हैं। अदालत का यह आदेश कानून सबके लिए एक समान है का ठोस प्रमाण है तथा न्याय मिलने में देर है पर अंधेर नहीं। मामला वर्ष 2023 का है जब नगर के एक व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह और उनके साथी पुलिस कर्मियों के खिलाफ पिथौरागढ़ कोतवाली में तहरीर दी थी। पर एसपी लोकेश्वर सिंह के दबदबे के चलते पुलिस ने लक्ष्मी दत्त जोशी की प्राथमिक दर्ज तक नहीं की तथा उन पर कई और मुकदमे दर्ज किए थे। जब जोशी के कई प्रयासों के बावजूद पुलिस ने उनकी प्राथमिक कि नहीं ली तो उनके द्वारा न्यायालय की शरण लेते हुए प्रार्थना पत्र दिया गया। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट की अदालत में लक्ष्मी दत्त जोशी के अधिवक्ताओं की दलीलें तथा पर्याप्त साक्ष को देखने व सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पिथौरागढ़ को तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामले में 323 ,342 ,355, 504 ,506 ,392 ,120 (बी) बीएनएस के तहत प्राथमिक दर्ज करने तथा मामले की निष्पक्ष जांच करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ को अपनी निगरानी में मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई से न्यायालय को अवगत कराने के भी आदेश दिए हैं।

व्यापारी लक्ष्मी दत्त जोशी ने आरोप लगाया है 6 फरवरी 2023 को वह पुलिस क्वार्टर के सीवरेज व बॉथरूम सप्लाई की क्षतिग्रस्त लाइन की समस्या पर कार्रवाई न होने पर अपनी बेटी के साथ तत्कालीन एसपी लोकेश्वर सिंह के कार्यालय गए थे तथा उनसे समस्या के समाधान की मांग की गई पर। एसपी लोकेश्वर सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए निर्वस्त्र कर उनके साथ मारपीट की गई। तथा झूठे मुकदमे लगाने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा जब उनकी शिकायत के बावजूद भी उनकी प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई तो उनके द्वारा न्यायालय की शरण ली गई। जोशी ने न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए न्यायालय को धन्यवाद दिया। पिथौरागढ़ पुलिस के मुताबिक अभी न्यायालय का आदेश नहीं मिला है आदेश मिलते ही कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में राज्य पुलिस प्राधिकरण ने भी एसपी लोकेश्वर सिंह को दोषी पाया था तथा मामले में कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। कुल मिलाकर न्यायालय की आदेश ने साबित कर दिया है कानून की नजरों में कोई छोटा या बड़ा नहीं है। वर्तमान में एसपी लोकेश्वर सिंह पुलिस सेवा से त्यागपत्र दे चुके हैं अदालत के फैसले ने उनकी मुसीबतें बढ़ा दी है। वहीं अदालत के इस फैसले से लक्ष्मी दत्त जोशी को न्याय मिलने की उम्मीदें बड़ी है। तथा उन लोगों का भी हौसला बड़ा है जिनकी शिकायत पुलिस के द्वारा नहीं सुनी जाती है तथा प्रताड़ित किया जाता है।

# गोदड़ी गांव के राहुल चौहान बने एनएसजी कमांडो, क्षेत्र में खुशी की लहर




**टिहरी गढ़वाल।** प्रतापनगर विकासखंड के सीमांत गांव गोदड़ी से एक बड़ी और गर्व की खबर सामने आई है। गांव निवासी राहुल चौहान ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और साहस के बल पर देश की प्रतिष्ठित विशेष सुरक्षा इकाई नेशनल सिक्यूरिटी गार्ड में चयन पाकर ब्लैक कैट कमांडो का गौरव प्राप्त किया है। राहुल चौहान वर्ष 2021 में भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में भर्ती हुए थे। सेवा के दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक कई संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रहकर अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। कठिन परिस्थितियों में भी उनके साहस और समर्पण की सराहना होती रही है।

कठोर चयन प्रक्रिया और अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद राहुल ने एन एस जी में स्थान प्राप्त किया। एन एस जी देश की सर्वोच्च आतंकवाद-रोधी विशेष बल मानी जाती है, जिसकी स्थापना 1984 में हुई थी और जो 26/11 मुंबई हमले जैसे अभियानों में अपनी वीरता के लिए जानी जाती है। राहुल चौहान की इस उपलब्धि से उनके परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। परिजनों के अनुसार राहुल बचपन से ही अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे हैं। उनके छोटे भाई भी भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं, जबकि बड़े भाई पत्रकार मिलाप चौहान ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक क्षण बताया। राहुल की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है, जो यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# संजय नगर में कांग्रेसियों ने किया ठुकराल का जोरदार स्वागत

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रूद्रपुर ।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद संजय नगर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ठुकराल को बड़ी माला पहनाकर सम्मानित किया और नारेबाजी के बीच उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने के बाद उनका मुख्य उद्देश्य जनसेवा को और अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझते रहे हैं और आगे भी पूरी निष्ठा के साथ जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, युवाओं के रोजगार, व्यापारियों की समस्याओं और आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। ठुकराल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और समर्थन से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा आगामी समय में सभी मिलकर जनता के हित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ममता रानी, मोनिका ढाली, उमा सरकार, अजीत सिंह, सतनाम सिंह, रवि राय पूर्व अध्यक्ष दुर्गा पूजा कमेटी, अरुण दास दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष, विकास मल्लिक, असित बाला, रणजीत तिवारी, देवानंद स्वर्णकार, अर्जुन विश्वास, अंबर, जय तरफदार, तरुण विश्वास, बलाई, संजय दत्त, दीपंकर मंडल, अरुण दास, जगदीश दास, चंदन मल्लिक, दीपक, गोलू, सूरज, जयदेव, पारस, प्रभात, विशाल, श्रीवास मिस्त्री, डॉ. आदित्य राय, रवि राय, विजय विश्वास, गगन गुप्ता, संजय ठुकराल, सुनील चुग, ललित बिष्ट, सतीश कुमार और आनंद शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शहरी विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, कूड़ा निस्तारण पर ठोस नीति बनाने पर जोर

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**देहरादून।** प्रदेश के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने कहा कि शहरी विकास विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री कैड़ा ने प्रदेश के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही है। उन्होंने शहरों में कूड़ा निस्तारण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसके लिए ठोस नीति बनाई जाए और समयबद्ध तरीके से कचरे का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वर्ष 2027 में प्रस्तावित कुम्भ मेला 2027 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि कुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर सचिव शहरी विकास नितेश झा, निदेशक विनोद गोस्वामी, अपर सचिव संतोष बडोनी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूध के दाम बढ़े, 20 साल बाद भर्ती का रास्ता खुला

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**



**लालकुआं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे से पहले दुग्ध उत्पादकों को बड़ी राहत मिली है। नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बोर्ड बैठक में 15 अप्रैल से दूध के खरीद मूल्य में 2 प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। लंबे समय से दूध के दाम बढ़ाने की मांग कर रहे दुग्ध उत्पादकों के लिए यह फैसला अहम माना जा रहा है। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दुग्ध संघों के लिए सेवा नियमावली को भी मंजूरी दी गई, जिससे करीब 20 वर्षों बाद नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। अध्यक्ष मुकेश बोरा ने बताया कि यह निर्णय पुष्कर सिंह धामी के निर्देश और सौरभ बहुगुणा के मार्गदर्शन में लिया गया है। उन्होंने सरकार के प्रति आभार जताया। बैठक में दुग्ध संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी मुकेश नेगी ने संघ के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग का भरोसा दिया। दूध के दाम में बढ़ोतरी से हजारों दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। निर्णय के बाद उत्पादकों में खुशी का माहौल है।

# निजी स्कूलों के लिए बने फीस व परिवहन नीतिः डॉ. किशोर पंत

## एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स कमेटी उत्तराखंड ने की मांग

**पिथौरागढ़।** एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स कमेटी उत्तराखंड के अध्यक्ष व सोशल एक्टिविस्ट डॉ. किशोर पंत ने सरकार से निजी स्कूलों के लिए फीस एक्ट व परिवहन नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा केवल ज्ञानार्जन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक निरंतरता का सबसे सशक्त माध्यम मानी जाती है। किसी भी राज्य की वास्तविक प्रगति उसके विद्यालयों, विद्यार्थियों और शिक्षा नीतियों की गुणवत्ता से मापी जाती है। इसी संदर्भ में आज उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ी है जहाँ स्पष्ट, संतुलित और पारदर्शी नीतिगत हस्तक्षेप की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। विशेष रूप से निजी विद्यालयों के लिए फीस विनियमन, परिवहन शुल्क और समन्वित नियामक व्यवस्था का अभाव अब केवल प्रशासनिक कमी नहीं, बल्कि सामाजिक चिंता का विषय बन चुका है। हर वर्ष शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही एक परिचित दृश्य सामने आता है, अभिभावकों में फीस को लेकर असंतोष, विद्यालयों पर मनमानी के आरोप, और प्रशासन के सामने लगातार बढ़ती शिकायतें। शिक्षा, जो मूलतः विश्वास का विषय होना चाहिए, धीरे-धीरे विवाद का विषय बन जाती है। यह स्थिति किसी एक पक्ष की विफलता नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति के अभाव का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर पर यदि शिक्षा व्यवस्था को देखा जाए तो यह स्पष्ट हो जाता है कि जिन राज्यों ने निजी विद्यालयों के लिए फीस नियमन संबंधी कानून बनाए हैं, वहाँ विवादों में उल्लेखनीय कमी आई है। उत्तराखंड में अभी तक ऐसा कोई व्यापक और प्रभावी कानून लागू नहीं हो पाया है, जिसके कारण अभिभावकों और विद्यालयों के बीच अविश्वास की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है।



शिक्षाविद डॉ. किशोर पंत कहते हैं कि सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि शिक्षा व्यवस्था तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित होती है, सरकार, विद्यालय और अभिभावक। इन तीनों के बीच संतुलन और संवाद ही शिक्षा प्रणाली को स्थिर और प्रभावी बनाता है। लेकिन जब नियम अस्पष्ट हों, संवाद कमजोर हो और नीति अधूरी हो, तब यह त्रिकोण असंतुलित हो जाता है। आज उत्तराखंड में यही असंतुलन स्पष्ट दिखाई देता है। अभिभावकों का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करता है कि फीस संरचना जटिल और अपारदर्शी है। उन्हें यह समझ नहीं आता कि फीस वृद्धि का आधार क्या है और किस सीमा तक यह उचित है। दूसरी ओर, निजी विद्यालय यह तर्क देते हैं कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, प्रशिक्षित शिक्षकों को उचित वेतन देने, आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने, डिजिटल शिक्षा, सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक खर्चों के कारण उनकी लागत निरंतर बढ़ रही है। दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह पर सही हैं, लेकिन नियमों का अभाव उन्हें विरोधी बना देता है। यही वह बिंदु है जहाँ फीस एक्ट की आवश्यकता स्पष्ट रूप से सामने आती है। फीस एक्ट किसी एक पक्ष के पक्ष में बनाया गया कानून नहीं होता, बल्कि यह संतुलन स्थापित करने का उपकरण होता है। यह अभिभावकों को मनमानी वृद्धि से सुरक्षा देता है, विद्यालयों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करता है और सरकार को एक स्पष्ट नियामक भूमिका देता है। जब फीस निर्धारण पारदर्शी और नियमबद्ध होता है, तब विवाद स्वतः समाप्त होने लगते हैं। फीस के साथ-साथ एक और महत्वपूर्ण विषय है, विद्यालय परिवहन। पर्वतीय राज्य होने के कारण उत्तराखंड में विद्यालय परिवहन केवल सुविधा नहीं, बल्कि आवश्यकता है। यहाँ दूर-दराज़ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए विद्यालय बसें सुरक्षा और पहुँच का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन परिवहन शुल्क को लेकर भी कोई स्पष्ट राज्य नीति नहीं है। अभिभावक इसे अत्यधिक मानते हैं, जबकि विद्यालय डीज़ल की कीमत, वाहन रखरखाव, बीमा, ड्राइवर और सहायक कर्मचारियों के वेतन जैसे बढ़ते खर्चों का हवाला देते हैं। इस विवाद का समाधान भी केवल एक स्पष्ट परिवहन नीति से ही संभव है। आज शिक्षा के क्षेत्र में जो वातावरण बन रहा है, वह चिंताजनक है। सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप, मीडिया में बहस और लगातार बढ़ती शिकायतें शिक्षा के पवित्र वातावरण को प्रभावित कर रही हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव विद्यार्थियों पर पड़ता है। जब घर और विद्यालय के बीच तनाव होता है, तो उसका मानसिक प्रभाव सीधे बच्चों पर पड़ता है। शिक्षा का वातावरण विश्वास और सकारात्मकता से भरा होना चाहिए, न कि तनाव और विवाद से। यह भी ध्यान देने योग्य है कि निजी विद्यालयों ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. पंत कहते हैं कि दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा पहुँचाने से लेकर आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के विकास तक उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने रोजगार सृजन किया, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को तैयार किया और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में सहयोग दिया। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि शिक्षा सेवा है, केवल व्यवसाय नहीं।

इसलिए सामाजिक उत्तरदायित्व और पारदर्शिता दोनों आवश्यक हैं। सरकार की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। नियमन का उद्देश्य दंड देना नहीं, दिशा देना होता है। यदि सरकार संतुलित और व्यावहारिक नियम बनाती है, तो यह अभिभावकों और विद्यालयों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। एक प्रभावी फीस एक्ट, परिवहन शुल्क नीति और शिकायत निवारण तंत्र शिक्षा व्यवस्था में स्थिरता ला सकते हैं। सरकार को अब एक व्यापक शिक्षा नियामक ढांचा विकसित करना चाहिए, जिसमें जिला स्तर पर फीस नियामक समितियाँ, पारदर्शिता पोर्टल और समयबद्ध शिकायत निवारण प्रणाली शामिल हों। इससे न केवल विवाद कम होंगे, बल्कि विश्वास का वातावरण भी बनेगा। यह प्रश्न केवल नीति का नहीं, राज्य की प्रतिष्ठा का भी है। उत्तराखंड लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता आया है। यदि शिक्षा विवादों में उलझी रहती है, तो यह राज्य की छवि को भी प्रभावित करता है। इसलिए यह समय निर्णायक कदम उठाने का है। आज आवश्यकता है कि सरकार, विद्यालय और अभिभावक संघर्ष के बजाय सहयोग का मार्ग अपनाएँ। शिक्षा व्यवस्था तब ही सफल हो सकती है जब तीनों पक्ष एक दूसरे को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहभागी के रूप में देखें। भविष्य की शिक्षा सहयोग, संवाद और पारदर्शिता पर आधारित होगी। अब समय आ गया है कि उत्तराखंड सरकार फीस एक्ट और परिवहन नीति लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं होगा, बल्कि विश्वास निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। इससे अभिभावकों को आश्वासन मिलेगा, विद्यालयों को स्थिरता मिलेगी और विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्राप्त होगा। शिक्षा को विवाद से मुक्त करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्पष्ट नियम, संतुलित नीति और संवाद की संस्कृति ही उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे सकती है। यही समय है, निर्णय का, स्पष्टता का और समन्वयन का।

## सोर वैली की सिमरन ने रियलिटी शो में प्रथम स्थान किया प्राप्त

**पिथौरागढ़।** सोर वैली पब्लिक स्कूल, पिथौरागढ़ की कक्षा 8 वीं की छात्रा सिमरन चौहान ने चंडीगढ़ में आयोजित किसमें कितना है दम रियलिटी शो की जूनियर डांस कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विभिन्न राज्यों से आए हुए लगभग 50 प्रतिभागियों को पराजित करते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस शानदार प्रदर्शन के लिए सिमरन को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं 3100 रुपए की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का 3 अप्रैल को डी डी पंजाब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया। इस प्रसारण के माध्यम से सिमरन की प्रतिभा को व्यापक स्तर पर पहचान मिली। इस उपलब्धि ने न केवल सिमरन की प्रतिभा, कड़ी मेहनत और लगन को सिद्ध किया है, बल्कि यह पूरे सोर वैली स्कूल परिवार के लिए अत्यंत गर्व का क्षण भी है। सिमरन ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन हुनर और लगन से निर्णायक मंडल एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। सिमरन की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।



इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू रजवार ने कहा कि सिमरन जैसी प्रतिभाशाली छात्राएँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और ऐसी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों के आत्मविश्वास तथा प्रोत्साहन को बढ़ाती हैं। सिमरन की सफलता पर समस्त स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनकी इस सफलता से सोर वैली परिवार में खुशी की लहर है।

## विद्यार्थियों को 200 कॉपियां व 50 बस्ते किए वितरित



**पिथौरागढ़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नाचनी में धामी फल्यांटी के ग्राम प्रधान दिग्विजय विश्वकर्मा ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को 200 कॉपियां तथा 50 बस्ते वितरित किए। उन्होंने भविष्य में भी विद्यालय को सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. यामिनी ने भी विद्यालय को सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में फार्मेसिस्ट, योगा टीचर संतोषी, कुंदन राम, चंद्र प्रकाश, जानकी, तुलसी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य एम. डी. चौंसाली ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 45 ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर दंपति गिरफ्तार




**बनबसा।** क्षेत्र में पुलिस, एसओजी एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 45 ग्राम अवैध स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल को क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना बनबसा पुलिस, एसओजी एवं एसएसबी टीम द्वारा गड़ीगोठ मार्ग पर ग्राम पंपापुर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान वाहन संख्या यू03 झ 2607 (आर्टिका कार) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में सवार अभियुक्त और उसकी पत्नी के कब्जे से 45 ग्राम अवैध स्मैक तथा 50,700 नगद बरामद किए गए। इसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सूरज कश्यप उर्फ ड्रामा (33 वर्ष) के रूप में हुई है, जो थाना बनबसा का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ पूर्व में करीब 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह एक हत्या के मामले में दोषसिद्ध हो चुका है और उच्च न्यायालय से जमानत पर बाहर चल रहा था। गिरफ्तार महिला की पहचान उसकी पत्नी मीनू कश्यप (30 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी वार्ड संख्या-7, अग्रसेन धर्मशाला के पीछे, बनबसा, जिला चम्पावत के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बनबसा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मेयर कल्पना ने किया जनगणना के अंतर्गत स्वगणना कार्यक्रम का शुभारम्भ

### स्वच्छता सर्वेक्षण में मिली ईनाम राशि से ट्रैकसूट किए वितरित

**पिथौरागढ़।** नगर निगम की महापौर कल्पना देवलाल ने जनगणना 2027 के अंतर्गत नगर निगम सभागार में स्वगणना कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनर डॉ. दीपेंद्र महर ने अवगत कराया कि स्वगणना का कार्य दिनांक 10 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ होकर 24 अप्रैल 2026 तक होगा।



जिसमें परिवार का मुखिया अपने मोबाईल से पोर्टल के माध्यम से खुद को पंजीकृत करते हुए स्वगणना का कार्य कर सकता है। स्वगणना के लिए भारत सरकार के http:se.census.gov.in के माध्यम से अपने राज्य का चयन करते हुए अपने परिवार का पंजीकरण किया जा सकता है। उक्त पंजीकरण उत्तराखंड के किसी भी स्थान से किया जा सकता है। मेयर कल्पना देवलाल ने अधिकाधिक संख्या में आम लोगों से स्वगणना का कार्य करने का आह्वान किया है।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर निगम के द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मिली पुरस्कार की धनराशि से पर्यावरण मित्रों व वाहन चालकों को ट्रैकसूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में पार्षद दिनेश कापड़ी, भूपेंद्र कठायत, प्रवीन उपरारी, मोहित चौसाली, कमलेश चंद, कमलेश जोशी, डेरिक वास्टन, पुष्पा उप्रेती, रविंद्र बिष्ट, नवीन लाल वर्मा, पवन कुमार पाटनी, चंद्र प्रकाश, मुख्य नगर आयुक्त डॉ. दीपक सैनी, नगर आयुक्त/ प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम अनुपम आर्या, जनपद समन्वयक/ सहायक नगर आयुक्त राजदेव जायसी आदि उपस्थित थे।

# हेमा जोशी को नगरीय पर्यावरण संरक्षक परिषद उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**चम्पावत।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व प्रदेश मंत्री हरीप्रिया जोशी (हेमा जोशी) को उत्तराखंड शासन के शहरी विकास विभाग में नगरीय पर्यावरण संरक्षक परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले भर में हर्ष का माहौल है। शहरी विकास विभाग के सचिव नितेश कुमार झा द्वारा 9 अप्रैल 2026 को उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर सचिव ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

हेमा जोशी की इस नियुक्ति से बनबसा, टनकपुर, चम्पावत और लोहाघाट क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनता में उत्साह देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनके प्रथम आगमन पर आज बनबसा में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि जगबुड़ा पुल पर एकत्रित



होकर उनका जोरदार स्वागत करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, प्रदेश मंत्री निर्मल महरा, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश मंत्री सूरज प्रहरी, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद, मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपा जोशी, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अमजद हुसैन, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपा देवी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

अन्य शुभकामना देने वालों में रुचि धस्माना, तुलसी कुंवर, सुनीता मुरारी, विमल बिष्ट, कोमल गिरी, रुचि वर्मा, ममता गंगवार, मुकेश जोशी, उमेश सिंह नेगी, रुक्मणि उनियाल, शिवराज कठायत, शकील मंसूरी, प्रकाश तिवारी आदि शामिल रहे।

# प्रथम बैच का तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ




**चंपावत।** तहसील चंपावत में उप जिलाधिकारी/ उपखंड जनगणना अधिकारी अनुराग आर्य के दिशा निर्देशन में तहसील सभागार में तीन दिवसीय जनगणना 2027 का प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा चुका है उक्त जानकारी देते हुए उपखंड जनगणना अधिकारी अनुराग आर्य ने अवगत कराया की 2027 की जनगणना को लेकर प्रथम चरण की जनगणना को लेकर विभिन्न 50 केंद्रों के प्रगयंक के साथ ही सम्बंधित क्षेत्रों के राजस्व उप निरिक्षकों/सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह जनगरणा पूरी तरह से डिजिटल जनगरणा होने जा रही हैं जनगणना 2027 भारत की 16वीं जनगणना होगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण अप्रैल 2026 से सितंबर 2026 तक होगा, जिसमें मकानों की सूची और आवास गणना की जाएगी। दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, जिसमें जनसंख्या गणना की जाएगी। चम्पावत तहसील में दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, 11अप्रैल 13 व 15 अप्रैल तक होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 के पहले चरण में पूछे जाने वाले 33 सवालों की सूची सरकार ने जारी कर दी है। ये सवाल आपके घर, परिवार और सुविधाओं से जुड़े होंगे। आइए जानते हैं कि ये सवाल क्या हैं।

- मकान और उसकी बनावट
- भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर)
- जनगणना मकान नंबर
- जनगणना मकान के फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- जनगणना मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- जनगणना मकान के छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- परिवार और मुखिया की जानकारी
- परिवार क्रमांक
- परिवार में सामान्यत: रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या
- परिवार के मुखिया का नाम
- परिवार के मुखिया का लिंग
- क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य से संबंधित है
- सुविधाएं और संसाधन
- पेयजल का मुख्य स्त्रोत
- प्रकाश का मुख्य स्त्रोत
- शौचालय की सुलभता
- स्नानगृह की उपलब्धता
- रसोईघर और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की Advanced
- रेडियो/ट्रांजिस्टर
- टेलिविजन
- इंटरनेट सुविधा
- कंप्यूटर/लैपटॉप

प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार चार्ज अधिकारी बृजमोहन आर्य ने सभी प्रगनको को निर्देश दिए कि इस गणना में आपने घर-घर जाकर उक्त बिंदुओं पर जनगणना ऑनलाइन करनी है जिसका डाटा जनगणना के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सभी को जिम्मेदारी से इस कार्यक्रम को संपादन करने में अभी से सहयोग करना हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि यह पुनीत कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन चल रहा है जिसमें आप सबने अपने आपको फील्ड में जाकर सर्वोच्च सिद्ध करना है जिसके लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण को गहराई से मनन करते हुए धरातल पर उतरने का प्रयास करें जिससे कि यह जनपद जनगरणा के क्षेत्र में अपने आप में एक मिसाल बने, यह कार्य टीम भावना से ही संभव है, इसलिए आप सभी को दिए जा रहे प्रशिक्षण को गहराई से सीखना चाहिए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजेन्द्र बिष्ट, बाल विकास परियोजना अधिकारी ने भी प्रशिक्षणार्थियों को अपने स्तर से जानकारी दी प्रशिक्षण सत्र में अतिरिक्त चार्ज अधिकारी पवन जुकरिया,राकेश फर्तयाल जनगणना लिपिक कृष्णानंद जोशी फील्ड टेंनर नीरज कुमार,जोशी राजेंद्र कुमार, प्रभारी स्वान केंद्र शुभम खर्कवाल सुपरवाइजर हरीश गहतोड़ी, शुभम पुजारी, जीवन रिंगवाल, गोपेश मथेला, अशोक कुमार, सुरेश राम,सुशीला फत्याल, जीवंति कार्की, भुवन मेहता, प्रकाश कुंवर आदि लोग उपस्थित थे।

# पाटी बीडीसी बैठक में छाए रहे सड़क पानी स्वास्थ्य शिक्षा के मुद्दे

## क्षेत्र पंचायत पाटी की बीडीसी बैठक में जनसमस्याओं के निस्तारण पर दिया गया जोर




**पाटी।** विकासखंड पाटी के पंचायत सभागार में ब्लॉक प्रमुख शंकर सिंह अधिकारी की अध्यक्षता एवं खंड विकास अधिकारी सुश्री मोनिका पाल के संचालन में क्षेत्र पंचायत विकास समिति (बीडीसी) की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्व आयोजित बैठक के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभागवार विकास कार्यों की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत गागर में एक्स-रे मशीन की मांग रखी गई, वहीं नौलियागांव में एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा स्टाफ नर्स की तैनाती का मुद्दा प्रमुखता से उठा। विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों द्वारा पशुपालन विभाग के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं और अनुदान प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने हेतु कैंप लगाने और प्रधानों से समन्वय करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत रौंज में शौचालय निर्माण, प्राथमिक विद्यालय टांण में बाउंड्री वॉल की मरम्मत, छतों के सुधारीकरण और विभिन्न विद्यालयों के सुधारीकरण संबंधी विस्तृत चर्चा की गई। विद्युत विभाग से जुड़े मामलों में खुटेली और टांण ग्राम सभाओं में बिजली की लाइनों को शिफ्ट करने और लटकती हुई लाइनों को ठीक करने के निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति के संबंध में जल निगम और जल संस्थान को आपदाग्रस्त लाइनों की मरम्मत करने, पेयजल लाइनों के मिलान कार्य को पूर्ण करने और लाइन बिछाने के कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत भवनों की सूची उपलब्ध कराने और उनके सुधारीकरण व मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार करने पर बल दिया गया। वन विभाग से संबंधित चर्चा में ग्राम पुनौली में क्षतिग्रस्त रास्तों की मरम्मत और बंदरों के आतंक से निजात दिलाने हेतु पिंजरे लगाने की मांग की गई।ऊर्जा विभाग (उरेडा) के अंतर्गत ग्राम चौड़ामेहता, शीला देवी मंदिर जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए विभिन्न संपर्क मार्गों, जैसे गहतोड़ा रोड की डामर मरम्मत, सुरक्षा दीवारों के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उद्यान विभाग को विनवालगांव जैसे क्षेत्रों में भूमि विकास व बागवानी कार्यों को बढ़ावा देने को कहा गया। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अंतर्गत रिक्त पड़े राशन दुकानों के चयन और संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके।

बैठक के दौरान विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जी एस खाती, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ वसुंधरा गर्ब्याल सहित विभिन्न अधिकारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर विधानसभा में होंगे करोड़ों के विकास कार्य, नगर की बदलेगी तस्वीर

## कई प्रसिद्ध मंदिरों का होगा कायाकल्प, इंटरलॉकिंग टाइल व हॉट मिक्स से सजेगी नगर की आंतरिक सड़कें



**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा लोहाघाट विधानसभा के लिए की गई विकास कार्यों की घोषणा के तहत आज शासनादेश जारी हो गया है। जिसमें लोहाघाट विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शासनादेश जारी होने पर समस्त क्षेत्र वासियों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह को धन्यवाद दिया है। तो वहीं लोहाघाट नगर के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है जिनमें पर्यावरण मित्रों व पालिका कर्मियों के लिए आवास का निर्माण/लोहाघाट एसडीएम आवास का सुधारीकरण व एसडीएम कार्यालय के पास मल्टी स्टोरी कार पार्किंग व मीटिंग हॉल तथा कार्यालय कक्ष का निर्माण/लोहाघाट के पी0डब्लू0डी0डाक बंगला व एनक्सी भवन का जीर्णोद्धार/लोहाघाट नगर की 10 किलोमीटर परिधि की सड़कों में हॉटमिक्स तथा 5 किलोमीटर आंतरिक सड़कों में इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण/लोहाघाट रामलीला मैदान में कुमाऊनी शैली में दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके अलावा लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध मां झूमांधुरी मंदिर, वर्धाखान के बरदायिनी मंदिर, रेगांव का भूमिया मंदिर, गुमदेश का चौखाम बाबा मंदिर, मां अखिल तारिणी मंदिर,पटन गांव का प्राचीन शिव मंदिर, ओखलंज का केलपाल बाबा मंदिर, डूंगरी फर्त्याल का प्राचीन शिवजी मंदिर, मचपीपल का पौराणिक शिव मंदिर, गागर में गागरचूला मंदिर, सी के आदित्य महादेव मंदिर का सौंदर्यकरण किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक मंदिर हेतु 10-10 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। तो वही बोतड़ी के रामेश्वर घाट में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। पुल्ला, गुमदेश , पाटी देवी धुरा , सिमलखेत में हेलीपैड का निर्माण कार्य के अलावा कई ग्रामीण सड़कों में सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य किया जाएगा। वही लोहाघाट नगर के विभिन्न विकास कार्यों का शासनादेश जारी होने पर लोहाघाट पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के द्वारा नगर वासियों की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया गया है।

# छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया

**अल्मोड़ा।** राजकीय महाविद्यालय गुरुडाबाँज में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी जसवीर सिंह ने आज के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की व राज्य और देश में स्वरोजगार व आत्मनिर्भर व्यक्तियों की स्थिति, व्यावहारिक कौशल विकास, स्टार्टअप संस्कृति, बाजार की मांग,और प्रशिक्षण में इंटर्नशिप, योजना रिपोर्ट, सरकार द्वारा वित्तीय सहायता आदि बिन्दुओ पर अपनी बात को रखा। जिससे युवा वर्ग स्वरोजगार में आत्मनिर्भर बन सके. कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ मनोज कुमार भोज ने अपने उद्बोधन में स्थानीय क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर जिसमें -माल्टा जूस, चीड़ का लिसा,होम स्टे, खाद्य प्रसंस्करण, फल उत्पादन, आदि के द्वारा अपना रोजगार कर छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही आसपास के कुछ ऐसे व्यक्तियों का उदाहरण दिया गया जो लघु उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सके हैं। महेंद्र सिंह रौतेला प्रोजेक्ट ऑफिसर देवभूमि उद्यमिता योजना जिला अल्मोड़ा से उपस्थित ने उद्यमिता के विषय में बहुत ही रचनात्मक,रोचक पूर्ण, व विभिन्न उदाहरणो के माध्यम से बताया कि एक सफल उद्यमी में क्या गुण होने चाहिए तथा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि समस्या को हल कैसे किया जा सकता है ,किसी भी उद्यमी को स्टार्टअप करने के लिए युवा वर्ग की क्या भूमिका होती है साथ ही नवाचार, नौकरी उद्यमिता, बिजनेस प्लान का विकास, बिजनेस के लिए फंड, शिक्षा से उद्यमिता की ओर बढ़ते कदम, कृषि व डिजिटल में आत्मनिर्भर, जिसमें- फल उत्पादन, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, रिंगल शिल्प, एपण कल उत्पाद, लकड़ी की नक्काशी,जूट और फाइबर,खाद्य प्रसंस्करण, अगरबत्ती और धूपबत्ती,पेपर बैग,इको फ्रेंडली उत्पाद, हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माण, परफ्यूम और इत्र का निर्माण, शिक्षक और प्रशिक्षण केंद्र, होम स्टे,और स्थानीय आवास सेवाएं, स्थानीय भोजन, डिजिटल नोमैड, ड्रोन टेक्नोलॉजी, सोलर बिजनेस,उद्यम के लिए लाइसेंस, उद्यमिता के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिलने वाले लाभ, सीड फंड सपोर्ट, आदि के विषय में विस्तार पूर्वक बताया।

# रीठा साहिब में सड़क हादसा पिकअप के खाई में गिरने से चार घायल एक गंभीर

**लोहाघाट।** जिले के रीठा साहिब क्षेत्र में गत देर शाम एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। रीठा साहिब पार्किंग से परेवा की ओर जा रहा पिकअप वाहन खड़ी चढ़ाई में अचानक पीछे की ओर आ गया और खाई में जा गिरा। दुर्घटना में पिकअप में सवार चार लोग घायल हो गए हैं जिनमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों के द्वारा तत्काल सभी घायलों को खाई से बाहर निकाल कर चौड़ा मेहता अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 70 किलोमीटर दूर लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी के नेतृत्व में चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का उपचार किया गया।

डॉ राठी ने बताया दुर्घटना में तीन लोगों को गंभीर चोट आई है तथा एक मामूली रूप से चोटिल हुआ है। कहा जिसमें चालक सुरेंद्र सिंह पुत्र शिवराज सिंह के सर पर गंभीर चोट लगी है जिन्हें सीटी स्कैन के लिए चंपावत जिला चिकित्सालय रेफर किया गया । उन्होंने बताया फिलहाल सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। दुर्घटना में अर्जुन सिंह (60)पुत्र स्वर्गीय जगत सिंह निवासी परेवा मामले रूप से चोटिल हुए हैं। राहुल (25 ) पुत्र प्रकाश सिंह/ मोहन सिंह (45) पुत्र स्वर्गीय केसर सिंह तथा वाहन चालक सुरेंद्र सिंह (28) पुत्र शिवराज सिंह को गंभीर चोटे आई हैं। दुर्घटना में घायल अर्जुन सिंह ने बताया रीठा साहिब पार्किंग से पिकअप परेवा की ओर जा रही थी तभी खड़ी चढ़ाई





में पिकअप रुक गई और पीछे की ओर लुढ़कते हुए सड़क से नीचे खाई में पलट गई। वही दुर्घटना की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद्र पांडे लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा दुर्घटना में घायल सभी लोगों का हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पांडे ने चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी सहित समस्त चिकित्सको व उनके नर्सिंग स्टाफ की कार्य प्रणाली की सराहना की। उन्होंने कहा चिकित्सकों के साथ-साथ नर्सिंग स्टाफ के द्वारा मरीजों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। लोगों का कहना है भगवान की कृपा से एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। तीन दिन पूर्व ऑटो कर के 500 मीटर गहरी खाई में गिरने से जहां एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया था।

## पूर्व विधा0 फर्त्याल ने अस्पताल पहुंचकर रीठा साहिब दुर्घटना के घायलों का जाना हाल-चाल

**लोहाघाट ।** रीठा साहिब क्षेत्र में पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोग घायल हो गए थे। जिनमें तीन लोगों को गंभीर चोटे आई है। घायलों का लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। आज सुबह पूर्व भाजपा विधायक पूरन सिंह फर्त्याल उप जिला चिकित्सालय पहुंचे तथा घायलों का हाल-चाल जाना। पूर्व विधायक के द्वारा घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया। इस दौरान पूर्व विधायक के द्वारा चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विराज राठी से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। संतोष जताया कहा विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीज का बेहतर उपचार किया जा रहा है। जिसके लिए चिकित्सा अधीक्षक विराज राठी व उनका समस्त स्टाफ बधाई का पात्र है। पूर्व विधायक ने कहा वर्तमान में अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर चल रही है। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक विराज राठी से अस्पताल की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कहा अस्पताल में जो कमियां हैं उन्हें शीघ्र पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। तथा चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को दिए जा रहे बेहतर उपचार के लिए उनकी सराहना की। तथा दुर्घटना में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ लाभ की कामना की।

# पीएम श्री अटल उत्कृष्ट विद्यालय रड़ूवा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**चमोली।** जिले के रड़ूवा स्थित पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गढ़वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण खत्री और जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश शाश्वत ने दीप प्रज्वलित कर किया। एनसीसी कैडेटों ने मुख्य अतिथि को सलामी देकर कार्यक्रम को औपचारिक शुरुआत दी। छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। विशेष आकर्षण के रूप में चालदा महासू महाराज की डोली और झांकी ने सभी का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्रों एडवोकेट देवेंद्र बर्त्वाल, अनूप कंडारी, श्याम लाल, विनोद किमोठी और जय थपलियाल को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लक्ष्मण खत्री ने छात्रों को अपने रुचि क्षेत्र में आगे बढ़ने और देश का भविष्य बनने की प्रेरणा दी। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश शाश्वत ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं और शिक्षा के साथ संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने कहा कि विद्यालय शिक्षा, संस्कृति और खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। कार्यक्रम में कई शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन मनमोहन परमार ने किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकृतियों के आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन कांग्रेस जिला अध्यक्ष बैठे धरने पर

**लोहाघाट ।** मानदेय सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन अब दिनों दिन उग्र होने होने लगा है। सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बीएलओ ड्यूटी से इस्तीफा जिलाधिकारी मनीष कुमार को सौंपा। हालांकि जिलाधिकारी के द्वारा उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया तथा उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन जिला अधिकारी के द्वारा दिया गया है। अब आंगनबाड़ी कार्यकृतियों की हड़ताल को विभिन्न संगठनों का समर्थन मिलने लगा है। आज रामलीला मैदान में हो रहे आंगनबाड़ी कार्यकृतियों के आंदोलन को समर्थन देने कांग्रेस जिला अध्यक्ष चिराग फर्त्याल धरना स्थल पर पहुंचे। तथा गंभीरता से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कांग्रेस जिला अध्यक्ष फर्त्याल ने आंगनबाड़ी कार्यकृतियों की मांगों को उचित बताते हुए सरकार से जल्द से जल्द मांगे पूरी करने की मांग की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है। भाजपा शासन में आज कर्मचारियों के साथ-साथ जनता भी परेशान है। प्रशासन सरकार के दबाव पर कार्य कर



रहा है । कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तहसील परिसर से जिस प्रकार से हटाया गया है वह निंदनीय है ।उन्होंने आंदोलनरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है। तो वही सरकार की अनदेखी के बाद अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन उग्र हो गया है। आज जिले के दूरस्थ क्षेत्र से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने संगठन अध्यक्ष मीना बोहरा के नेतृत्व में रामलीला मैदान में सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए जल्द सुनवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। तथा गत दिवस के घटनाक्रम की नाराजगी जताई। आंगनवाड़ी संगठन जिला अध्यक्ष मीना बोहरा ने का कि तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान उन्हें एसडीएम के द्वारा वहां से जबरन उठाकर हटा दिया गया। जिससे उनमें काफी आक्रोश पैदा हो गया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रांतीय संगठन के बैनर तले वे अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रही हैं। लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। जल्द सुनवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें 24 हजार प्रति माह मानदेय देने और बायोमैट्रिक से उपस्थिति की अनिवार्यता समाप्त करने, सेवानिवृत होने पर 10 लाख रुपये की एकमुश्त धनराशि देने की मांगे उठाई है। कहा मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कहां 13 अप्रैल को विशाल धरना प्रदर्शन प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले के भाजपा नेताओं पर उनकी सुध न लेने के आरोप लगाए । कहा 2027 चुनाव में इसका खामीयाजा भुगतना पड़ेगा।


# तेज रफ्तार कार का कहर: दो युवकों को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**हल्द्वानी।** शहर में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला, जहां बेकाबू स्कॉर्पियो कार ने सड़क किनारे चल रहे दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार घटना चम्बल पुल के पास देर रात की है। सफेद रंग की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक उछलकर दूर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्कॉर्पियो चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# प्रो. जोशी हिमाचल विश्वविद्यालय की शोध उपाधि समिति के विशेषज्ञ नामित

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष दृश्य कला प्रोफेसर शेखर चंद्र जोशी को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में दृश्य कला विषय की शोध उपाधि समिति का विशेषज्ञ नामित किया गया है। इस समिति में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के प्रोफेसर अम्बालिका और प्रोफेसर कविता को भी शामिल किया गया है। सभी सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए निर्धारित किया गया है। प्रोफेसर जोशी के नामांकन पर एसएसजे विश्वविद्यालय परिवार में खुशी व्यक्त की गई। कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव प्रोफेसर देवेंद्र सिंह बिष्ट, वित्त नियंत्रक अमित त्रिपाठी, निदेशक शोध प्रोफेसर जगत सिंह बिष्ट, निदेशक प्रोफेसर प्रवीण सिंह बिष्ट, डीन अकादमिक प्रोफेसर अनिल यादव, परीक्षा नियंत्रक पंकज साह सहित अन्य प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उन्हें बधाई दी। विभागाध्यक्ष चित्रकला प्रोफेसर संजीव आर्य, प्रोफेसर सोनू द्विवेदी, डॉ. कौशल, कृष्णा, तरुण सहित विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता जताई। प्रोफेसर शेखर चंद्र जोशी ने इस नामांकन के लिए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है।

## पी एम करेंगे दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेशवे का उद्घाटन, 6 घंटे का सफर सिमटकर 2.5 घंटे




**देहरादून/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को बहुप्रतीक्षित दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। करीब रुपये13 हजार करोड़ की लागत से तैयार यह एक्सप्रेसवे अंतिम चरण में है और उद्घाटन के बाद आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली से देहरादून का सफर, जो अब तक करीब 6 घंटे में पूरा होता था, घटकर लगभग 2.5 घंटे रह जाएगा। इससे न केवल यात्रा समय कम होगा, बल्कि वीकेंड ट्रैवल और पर्यटन को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का रूट इस प्रकार है, देहरादून - सहारनपुर- शामली- बड़ौत - बागपत - अक्षरधाम (दिल्ली) यह एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों को जोड़ते हुए राजधानी दिल्ली तक सीधी और तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। परियोजना का लगभग 98-99 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। फिलहाल साइनेज, टोल प्लाजा और अन्य सुविधाओं पर अंतिम कार्य जारी है। कुछ हिस्सों में ट्रायल के तौर पर आवाजाही पहले ही शुरू की जा चुकी है। इस एक्सप्रेसवे से हरिद्वार की ओर एक अलग कनेक्टिविटी भी विकसित की गई है, जो आगे चारधाम हाईवे से जुड़ती है। इससे ऋषिकेश, हरिद्वार और मसूरी जैसे पर्यटन स्थलों तक पहुंचना और आसान हो जाएगा। एक्सप्रेसवे की खासियत यह भी है कि यह राजाजी टाइगर रिजर्व और शिवालिक क्षेत्र से होकर गुजरता है। यहां करीब 12 किलोमीटर लंबा वाइल्डलाइफ अंडरपास बनाया गया है, ताकि वन्यजीव सुरक्षित तरीके से सड़क पार कर सकें। साथ ही शोर को कम करने के लिए साउंड बैरियर भी लगाए गए हैं।

# तंबाकू उत्पादों पर अधिक मूल्य वसूली के विरोध में पुतला



**अल्मोड़ा।** तंबाकू उत्पादों की बढ़ी कीमतों के बीच थोक व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम वसूले जाने के विरोध में भाजपा नेता राजीव गुरुरानी के नेतृत्व में चौघानपाटा में पुतला दहन किया गया वक्ताओं ने कहा कि बजट से पहले कीमतों में संभावित बढ़ोतरी के चलते जनवरी माह से ही थोक व्यापारियों द्वारा सिगरेट और पान मसाला उत्पादों को निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा था, जिससे छोटे दुकानदारों को न्यूनतम लाभ पर कारोबार करना पड़ा। आरोप लगाया गया कि कार्रवाई केवल छोटे दुकानदारों पर की गई, जबकि थोक व्यापारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नए प्रिंट रेट लागू होने के बाद भी थोक स्तर पर अधिक कीमत वसूली जारी है, जिससे दुकानदारों को ग्राहकों के सामने असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से मांग की गई है कि इस अनियमितता पर रोक लगाई जाए और छोटे व्यापारियों को राहत दी जाए। साथ ही थोक व्यापारियों की जनवरी माह से अब तक की वास्तविक और बिना जीएसटी की गई बिलिंग की जांच कराने की मांग भी उठाई गई है।

# दून स्कूल द्वारा दो कक्षाओं का रूपांतरण किया गया



**अल्मोड़ा।** फूल चंद नारी शिल्प मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज में दून स्कूल द्वारा दो कक्षाओं का रूपांतरण किया गया। इन कक्षाओं को आधुनिक फर्नीचर, सॉफ्ट बोर्ड, रंग-रोगन आदि के माध्यम से सुसज्जित किया गया। इन कक्षाओं के उद्घाटन कार्यक्रम में विद्यालय के हेडमास्टर डॉ. जगप्रीत सिंह ने कहा कि नारी शिल्प स्कूल की बच्चियों और दून स्कूल के बच्चों के बीच अब भाई-बहन का संबंध स्थापित हो गया है, और हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर दून स्कूल के छात्र यहाँ आकर राखी बंधवाएँगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में अच्छे आधारभूत ढाँचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होता है। डॉ. सिंह ने यह भी आश्वासन दिया कि वे विद्यालय के रखरखाव में सहयोग करेंगे तथा बच्चियों को पुस्तकें भी उपलब्ध कराएँगे। इस अवसर पर विद्यालय के ट्रस्टी एवं राज्य मंत्री डॉ. देवेंद्र भसीन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। नारी शिल्प स्कूल के अन्य ट्रस्टी अभय मेहरोत्रा और श्री अवनीश ओबेरॉय ने भी आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोना बाली द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उन्होंने शैक्षिक उन्नयन में दून स्कूल द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने वीकेसी फाउंडेशन की ईशा छाबड़ा, हेड ऑफ फाइनेंस अमित ज्ञानचंद तथा दून स्कूल के मास्टर चंदन घुघत्याल को इस परियोजना को सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। दोनों कक्षाओं के उद्घाटन के अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा जौनसार-भाबर का प्रसिद्ध नाटी नृत्य प्रस्तुत किया। एनसीसी की छात्राओं ने मुख्य अतिथि डॉ. सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। दून स्कूल के मास्टर्स मनु मेहरोत्रा, सुधीर थापा, आनंद माध्यन, प्रभु राज, चंदन घुघत्याल, अमित ज्ञानचंद तथा श्री बागची कार्यक्रम में उपस्थित रहे। साथ ही दून स्कूल के कैप्टन अयान और जय सहित सात छात्र भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। हेडमास्टर डॉ. जगप्रीत सिंह ने दोनों कक्षाओं का उद्घाटन छात्रों से ही रिबन कटवाकर किया और यह संदेश दिया कि छात्र-छात्राएँ ही विद्यालय के सबसे महत्वपूर्ण अंग होते हैं।